
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# उत्तराखण्ड में आने और जाने के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदनः डीएम

## विभिन्न श्रेणियों में पास हेतु प्राप्त आवेदन के क्रम में ई–पास जारी

**ई–पास**

■निजी वाहन से जाना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं आवेदन

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न श्रेणियों में पास हेतु प्राप्त आवेदन के क्रम में ई–पास जारी किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे प्रवासी व्यक्ति जो अन्य राज्यों से आना चाहते हैं, अन्य राज्यों के व्यक्ति जो उत्तराखण्ड से अपने राज्यों को जाना चाहते हैं, तथा राज्य के ऐसे व्यक्ति जो अन्य राज्यों में नौकरी कर रहे हैं तथा ड्यूटी एवं अन्य आवश्यक कार्य हेतु निजी वाहन से जाना चाहते हैं तो वे आवेदन कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में जो व्यवसायिक प्रतिष्ठान, दुकानें एवं वर्कशाप खुले हैं वे अपने कार्मिकों को सामाजिक दूरी, मास्क पहनने एवं साफ–सफाई के मानकों को पूर्ण करते हुए कार्य स्थल पर बुला सकते हैं। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज रायपुर से विभिन्न जनपदों हेतु 46 बसों के माध्यम से कुल 1140 व्यक्तियों को स्वास्थ्य जांच (थर्मल स्क्रीनिंग) के उपरान्त सम्बन्धित जनपदों हेतु भेजे गये, जिनमें जनपद चमोली हेतु 40 बसों के माध्यम से 981 व्यक्ति तथा अन्य राज्यों से आये हुए 159 प्रवासी व्यक्यिों को 6 बसों के माध्यम से उनके सम्बन्धित जनपदों को भेजे गये है, जिनमें उत्तरकाशी के 48, नैनीताल के 52, टिहरी के 26, तथा रूद्रप्रयाग के 25 तथा चमोली के 8 व्यक्ति शामिल हैं। इसी क्रम में लेह लद्दाख के 18 व्यक्तियों को 2 बसों के माध्यम से उनके राज्य में भेजा गया। गुड़गांव हरियाणा से आज विज्ञप्ति जारी किये जाने तक 11 बसों के माध्यम से 428 तथा मोहाली से 06 बसों के माध्यम से 182 व्यक्ति देहरादून जनपद में पहुंचने वाले हैं। जनपद में कोरोना वायरस से संक्रमण के प्रसार को रोके जाने के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुए निबन्धन कार्यालयों में आज जन सामान्य द्वारा कुल 34 लेख पत्रों का पंजीकरण (रजिस्ट्री) कराई गयी, जिससे 45 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि आज विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाओं ने जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करते हुए भोजन पैकेट उपलब्ध कराये, जिसमें मुख्यतः राधास्वामी सत्संग व्यास, पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर समिति, झण्डा बाजार, रोशनी जन सेवा संस्थान डी.एल रोड चौक देहरादून, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय देहरादून, सत्य सांई सेवा संस्थान, शिल्पा प्रोडक्शन, सर्राफा मण्डल, कालिका मन्दिर समिति, स्काउट एवं गाईड द्वारा भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये गये।

जिला प्रशासन की टीम द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से जनपद अन्तर्गत विकासखण्ड चकराता, विकासनगर, सहसपुर, रायपुर व डोईवाला एवं तहसील सदर में कुल 2317 निराश्रित पशुओं जिसमें 1716 श्वान, 535 गौवंश एवं 66 अन्य पशुओं को चारा व पशु आहार उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत आजाद कालोनी में 967, तथा बीस बीघा ऋषिकेश में 471 उपभोक्ताओं को खाद्यान उपलब्ध कराया गया।

### 703 निर्माण कार्य प्रारम्भ किये

प्रधानमंत्री जनधन खाताधारकों द्वारा जनपद में विभिन्न बैंकों से 3237 लाभार्थियों द्वारा अपने जनधन खाते से धनराशि की निकासी की गयी। आज मोबाईल एटीएम आजाद कालोनी, क्षेत्र में जनसुविधा हेतु उपलब्ध रही। जनपद में मनरेगा कार्यों के अन्तर्गत आतिथि तक 703 निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये, जिनमें 7360 श्रमिकों को सैनिटाईजेशन एवं सामाजिक दूरी का अनुपालन करवाते हुए उक्त कार्य में योजित कर रोजगार उपलब्ध कराया गया।

## न्यूज डायरी

### जिले में नही थम रहा पीडीएस राशन की कालाबाजारी

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में लगातार पीडीएस सरकारी राशन के कालाबाजारी के मामले बढने में है। बता दें कि ऐसा ही मामला झूलाघाट कस्बे सिरकूच नामक गांव में सामने आया है। जानकारी के मुताबिक एसओजी प्रभारी हेम तिवारी की अगुवाई में बीते गुरूवार को पुष्कर चंद जामक दुकानदार के घर में छापेमारी की तो उनको वहा से छह कटटे चांवल व एक कटटा गेहूं बरामद हुआ। बता दें कि जिले में ये मामले पिछले कई दिनों से सामने आ चुके है। वही पकडे गये दुकानदार से कोई वैध कागज नही मिल पाये । जानकारी केमुताबिक पकडे गये दुकानदार को पकडे गये राशन के साथ झूलाघाट पुलिस को सौप दिया है।

### बिना लाईसेंसी बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिना लाईसेंसी बदूंक व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लकसर थाना क्षेत्र स्थित भीक्कमपुर जीतपुर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि गांव जसपुर रंजीपुर में एक युवक के पास बिना लाईसेंसी सिंगल बैरल बदूंक है। सूचना पर चौकी प्रभारी आशीष शर्मा ने छापा मारकर युवक को सिंगल बैरल बंदूक के साथ दबोच लिया। पुलिस ने युवक से बदूंक का लाईसेंस दिखाने को कहा गया तो वह लाईसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने युवक के पास से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने अपना नाम सप्पड़ सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी जसपुर रंजीतपुर लक्सर बताया है।

### प्रभारी निरीक्षक योगेश एवं एसपीओ वैध शर्मा कोरोना वॉरियर से सम्मानित

**संवाददाता** हरिद्वार। वर्तमान समय में कोरोना वायरस कोविड–19 से बचाव एवं नियंत्रण प्रबंधन के दृष्टिगत पुलिस कार्मिकों एवं जनता के व्यक्तियों द्वारा कड़ी मेहनत एवं अत्यंत उत्साह से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक योगेश देव व कोतवाली हरिद्वार के एसपीओ वैध एमआर शर्मा को कोरोना वॉरियर चुना गया, जिनको एसएसपी हरिद्वार द्वारा सम्मानित किया गया। ज्वालापुर कोतवाल योगेश देव ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम और शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मेहनत और लगन के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर निरंतर भ्रमण रहते हुए वहां की जनता को जागरूक कराया गया।



## गढ़ी कैंट पूर्व सैनिक संगठन ने सीएम राहत कोष में दिये 1.25 लाख रुपये

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि पूर्व सैनिक कल्याण समिति हरिद्वार के अध्यक्ष सेवानिवृत सूबेदार मेजर दिनेश चन्द्र सकलानी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में संगठन की ओर से एक लाख की धनराशि का चैक सौंपा। उन्होंने बताया कि समिति के 135 सदस्यों के सहयोग से यह राशि एकत्रित की गयी है। इसके साथ ही, कर्नल रघुवीर भण्डारी के नेतृत्व में पूर्व सैनिक संगठन ने एक लाख 25 हजार की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दान दी।

शुक्रवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की और मुख्यमंत्री को एक लाख की धनराशि का चौक सौंपा। विधायक जोशी ने बताया कि समिति द्वारा पूर्व सैनिकों के साथ हरिद्वार जनपद में बहुत अच्छा काम किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि समिति के पदाधिकारी कोरोना महामारी में भरपूर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी और भी पूर्व सैनिकों द्वारा भी सहयोग के लिए सहमति प्रदान की गयी है परन्तु लॉकडाउन के कारण उनसे सहयोग राशि प्राप्त नहीं की जा सकी।

# चीन सीमा तक आसानी से हो सकेगी वाहनों से आवाजाही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। लंबे जददोजहद के बाद आखिरकार बीआरओ की मेहनत रंग लाई है। गर्बाधार से चीनसीमा तक पहली सडक बनकर तैयार हो चुकी है। बता दें कि अब आसानी से चीन सीमा तक वाहनों से आसानी से आवाजाही हो सकेगी। जानकारी के मुताबिक बीते शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सडक का ई सेवा से विधिवत उदघाटन किया । जिले की नैनी सैनी हवाई पटटी से उदघाटन होते ही आईटीबीपी बीआरओ व भारतीयसेना के वाहन चीन सीमा तक पहुचने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। इस सडक के बनने से चीन सीमा सहित आदि कैलास तक का सफर करने में आसानी हो सकेगी।जानकारी के मुताबिक गर्बाधार से चीन सीमा लिपुलेख तक बीआरो द्वारा पूर्व में 76 किमी सडक शुरूआत में तैयार कर ली गई है।

### रक्षामंत्री ने किया ई सेवा के माध्यम से उदघाटन

उदघाटन के तुरंत बाद जिले से सेना के वाहन धारचूला को रवाना किये गये। वही जानकारी जो हाथ लगी है उसके मुताबिक शनिवार को ये वाहन धारचूला से गुंजी को प्रस्थान करेगे। बता दें कि चीन सीमा से आदि कैलास तक अब आसानी से आवाजाही सुचारू रूप से हो सकेगी। वही बीआरो द्वारा सीमा पर आदि कैलास तक सडक भी तैयार हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक आदि कैलास को जाने वाली सडक और चीन सीमा तक जाने वाली सडक फिलहाल तक गुंजी तक है। ये सडक गुजी से आदि कैलास के लिए सडक कुटी होते हुए जौलिगकांग तक जाती है। बता दें कि सडक के बनने से व्यास घाटी के सांत गांव पहली बार सडक से जोडे जाने पर खासे उत्साहित नजर आये।

व्यास घाटी से जुडने वाले गांव बूंदी गर्ब्यांग गुंजी नाबी रौंगकांग नपलच्यू रोंगकोंग कुटी गांव सडक से जुड गये है। सड़क के बनने से कैलास मानसरोवर यात्रा व भारत चीन व्यापार को भी इस सड़क क बनने से हो सकेगा।

## पुलिस के माध्यम से जरूरतमंदों को 358 खाने के पैकेट वितरित

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून द्वारा लगातार 40वें दिन 358 खाने के पैकेट हरिद्वार बाईपास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवसर पर सरस्वती विहार विकास समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा है कि इस प्रकार की सेवा को लगातार संचालित करने का काम किया जायेगा।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आज भी क्षेत्र के लोगों द्वारा अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह व बच्चों के जन्मदिन पर सहयोग करने की परंपरा लगातार जारी है। आज कुलभूषण सिंह गुसाईं और उनकी धर्मपत्नी इंदु गुसांई की शादी की सालगिरह के अवसर पर उन्होंने अपनी तरफ से 358 खाने के पैकेट दाल चावल के साथ दशी घी का सूजी का हलवा वितरित करने में समिति का सहयोग किया। इस अवसर पर समिति कुलभूषण सिंह गुसांई व इन्दु गुसांई को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर समिति अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।